**छत्तीसगढ़ शासन**
**वित्त एवं योजना विभाग**
**(वाणिज्यिक कर विभाग)**
**मंत्रालय**
**दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर**

**<u>अधिसूचना</u>**

रायपुर, दिनांक 27/01/2005

क्रमांक एफ–10/ 1 /2005/वाक/पांच ( 1 ) – छत्तीसगढ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995) की धारा 80 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर नियम, 1995 में निम्नलिखित संशोधन करती है, यथा,–

सशोधन

उक्त कथित नियमों में, नियम 40 के उपनियम (1) में शब्दों 'स्टेट बैंक ऑफ इंदौर" के स्थान पर शब्दों "यूटीआई बैंक लिमिटेड अथवा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड" प्रतिस्थापित किया जाए।

2. यह संशोधन 01.12.2004 से प्रभावशील माना जाएगा।

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

रायपुर, दिनांक 27/1/2005

क्रमांक एफ/10/1 /2005/वाक/पांच–भारत के सविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ/10/1/2005/वाक/पांच ( 1 ), दिनांक 27/1/05 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से, एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

**Government of Chhattisgarh**
**Finance and Planning Department**
**(Commercial Tax Department)**
**Mantralaya**
**Dau Kalyan Singh Bhawan, Raipur**

# NOTIFICATION

Raipur, Dated 27/01/2005

No.F-10/ 1 /2005/CT/V ( 1 ) - In exercise of the powers conferred by section 80 of the Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam, 1994 (No. 5 of 1995) the State Government hereby makes the following amendment in the Chhattisgarh Vanijyik Kar Niyam, 1995, namely,-

## AMENDMENT

In the said rules, in sub-rule (1) of rule 40, for the words "State Bank of Indore" the words "UTI Bank Limited or ICICI Bank Limited" shall be substituted.

2. This amendment shall be deemed to have come into force with effect from 01.12.2004.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,

**(K.R. Misra)**
**Deputy Secretary**

छत्तीसगढ़ शासन
वित्त तथा योजना विभाग
(वाणिज्यिक कर विभाग)
मंत्रालय
दाउ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

## अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 29/01/2005

क्रमांक एफ–10/ 6 /2004/वाक/पांच/( 2 ) – छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद् द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है –

### संशोधन

अधिसूचना क्रमांक एफ–10/6/2004/वाक/पांच (13) दिनांक 23.02.2004 में प्रविष्टि क्रमांक 25 में शब्दों "महुआ–बीज" के पश्चात् शब्द "सोयाबीन" जोड़ा जाएं।

2. यह संशोधन छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन के दिनांक से प्रभावशील होगा।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(के.आर.मिश्रा)
उप सचिव

रायपुर, दिनांक 29/01/2005

क्रमांक एफ–10/ 6 /2004/वाक/पांच/ — भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–10/ 6 /2004/वाक/पांच/( 2 ) दिनांक 29/1/05 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(के.आर.मिश्रा)
उप सचिव

**Government of Chhattisgarh**
**Finance and Planning Department**
**(Commercial Tax Department)**
**Mantralaya**
**Dau Kalyan Singh Bhavan, RAIPUR**

# NOTIFICATION

Raipur, Dated 29/01/2005

No. F-10/ 6 /2004/CT/V( 2 ) - In exercise of Powers conferred by section 17 of Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam 1994 (No. 5 of 1995) the state government hereby makes the following amendments :-

## AMENDMENT

In the notification number F-10/6/2004/CT/V(13) dated 23.0[illegible].2004, in entry number 25 after the words “Mahua-seed” the word “Soyabean” shall be inserted.

2. This amendment shall come into force with effect from the date of publishing on Chhattisgarh Rajpatra.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh

**(K.R. Misra)**
**Deputy Secretary**

**छत्तीसगढ शासन**
**वित्त एवं योजना विभाग**
**(वाणिज्यिक कर विभाग)**
**मंत्रालय**
**दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर**

## अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 29/01/2005

क्रमांक एफ–10 / 2 /2005 / वाक / पांच ( 3 ) – चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में जिला सरगुजा में अम्बिकापुर–वाराणासी मार्ग पर छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995) के अधीन कर अपवंचन के निराकरण करने अथवा उसे रोकने की दृष्टि से ऐसा करना आवश्यक है।

अतएव, राज्य शासन एतद् द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 45–ए की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट स्थान पर जॉच चौकी 10.02.2005 की प्रभावशीलता से स्थापित करती है :

**अनुसूची**

| अ. क्र. | जॉच चौकी एवं नाके का स्थान, नाम तथा वर्णन | जॉच चौकी एवं नाके की अवस्थिति |
|---|---|---|
| 1. | सरगुजा जिले में अम्बिकापुर– वाराणासी मार्ग पर वाड्रफनगर | वाड्रफनगर में अम्बिकापुर–वाराणासी मार्ग पर अम्बिकापुर से 94वे एवं 95वे किलोमीटर के मध्य |

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

रायपुर, दिनांक 29/1/2005

क्रमांक एफ–10 / 2 /2005 / वाक / पांच–भारत के सविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–10 / 2 /2005 / वाक / पांच ( 3 ), दिनांक 29/01/05 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से, एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

**Government of Chhattisgarh**
**Finance and Planning Department**
**(Commercial Tax Department)**
**Mantralaya**
**Dau Kalyan Singh Bhawan, Raipur**

## NOTIFICATION

Raipur, Dated 29/01/2005

No. F-10/ 2 /2005/CT/V( 3 ) – Whereas the State Government is satisfied that it is necessary to do so with a view to prevent or check evasion of tax under the Chhattisgarh Commercial Tax Act, 1994 (No. 5 of 1995) in the district of Surguja on Ambikapur-Varanasi route in the State of Chhattisgarh.

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 45-A of the said Act, the State Government hereby set-up check post with effect from 10.02.2005 at the place specified in the Schedule below :

## SCHEDULE

| S.No. | Name and description of place of check post and barrier | Location of check post and barrier |
|---|---|---|
| 1. | Wadraf Nagar on Ambikapur-Varanasi Road in Surguja District | Wadraf Nagar on Ambikapur-Varanasi Road between $94^{th}$ and $95^{th}$ K.M. from Ambikapur |

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,

(K.R. Misra)
Deputy secretary

# छत्तीसगढ़ शासन
## वित्त एवं योजना विभाग
## (वाणिज्यिक कर विभाग)
## मंत्रालय
## दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

## अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 24/03/2005

क्रमांक एफ–10/ 8 /2005/वाक/पांच ( 6 ) – छत्तीसगढ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995) की धारा 80 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर नियम, 1995 में निम्नलिखित संशोधन करती है, यथा,–

### संशोधन

उक्त कथित नियमों में, नियम 37 में, उपनियम (2) के खण्ड (क) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किया जाए, यथा :

"(क) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यापारी जो अधिनियम के अधीन कर के भुगतान का दायी है और जिसे तिमाही विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक है, प्रत्येक तिमाही के क्रमशः द्वितीय और तृतीय महीने की 10 तारीख तक या उसके पूर्व ऐसी रकम का भुगतान करेगा, जो निम्न रकम के बराबर हो, –

(एक) उस तिमाही के प्रथम और द्वितीय महीने के लिए उसके द्वारा देय कर की वास्तविक रकम अथवा पूर्ववर्ती वर्ष की तत्सम्बन्धी तिमाही के संबंध में जमा किए गए कर की एक तिहाई रकम, यदि वह साधारणतया प्रति तिमाही बारह हजार रूपये या प्रतिवर्ष अड़तालीस हजार रूपये अथवा उससे अधिक की दर से कर का भुगतान करने का दायी है, तथा

(दो) उस तिमाही के प्रथम और द्वितीय महीने के लिए उसके द्वारा देय कर की वास्तविक रकम, यदि वह साधारणतया प्रति तिमाही पच्चीस लाख रूपये या प्रतिवर्ष एक करोड़ रूपये अथवा उससे अधिक की दर से कर का भुगतान करने के लिए दायी है,

परन्तु अंतिम तिमाही के अंतिम महीने हेतु खण्ड (एक) में विनिर्दिष्ट व्यापारी या तो पूर्व वर्ष की अंतिम तिमाही के संबंध में जमा किए गए कर की एक तिहाई के बराबर रकम या प्रथम 25 दिनों के लिए देय कर की वास्तविक रकम तथा खण्ड (दो) में विनिर्दिष्ट व्यापारी प्रथम 25 दिनों के लिए देय कर की वास्तविक रकम का भुगतान ऐसे अंतिम महीने के अंतिम दिन के पूर्व करेगा।"

ये संशोधन राजपत्र में प्रकाशन दिनांक से प्रभावशील होंगे।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

रायपुर, दिनांक 24/3/2005

क्रमांक एफ/10/8/2005/वाक/पांच–भारत के सविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ/10/8/2005/वाक/पांच ( 6 ), दिनांक 24/3/05 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से, एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

**Government of Chhattisgarh**
**Finance and Planning Department**
**(Commercial Tax Department)**
**Mantralaya**
**Dau Kalyan Singh Bhawan, Raipur**

# NOTIFICATION

Raipur, Dated 24/03/2005

No.F-10/ 8 /2005/CT/V ( 6 ) - In exercise of the powers conferred by section 80 of the Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam, 1994 (No. 5 of 1995) the State Government hereby makes the following amendments in the Chhattisgarh Vanijyik Kar Niyam, 1995, namely,-

## AMENDMENTS

In the said rules, in rule 37, for clause (a) of sub-rule (2) the following clause shall be substituted, namely :

"(a) Every registered dealer liable to pay tax under the Act and required to furnish quarterly return shall pay on or before the 10th of the second and third month respectively, of every quarter, an amount equal to, -

(i) actual amount of tax payable by him for the first and second month of that quarter or one third of the tax deposited in respect of the corresponding quarter of the preceding year, if he is liable to pay tax under the Act ordinarily at the rate of rupees twelve thousand per quarter or rupees forty eight thousand per annum or above, and

(ii) actual amount of tax payable by him for the first and second month of the quarter if he is liable to pay tax ordinarily at the rate of rupees twenty five lacs per quarter or rupees one crore per annum or above.

Provided that for the last month of the last quarter the dealer specified in clause (i) shall pay either an amount, equal to one third of the tax deposited in respect of the last quarter of the preceding year or the actual amount of tax payable for the first 25 days and the dealer specified in clause (ii) shall pay the actual amount of tax for the first 25 days before the last day of such last month.

(aa) the balance of the amount of tax due from him for a quarter, according to the returns, shall be paid on or before the date prescribed for furnishing for such return."

These amendments shall come into force from the date of publication in official gazette.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,

(K.R. Misra)
Deputy Secretary

छत्तीसगढ शासन
वित्त एवं योजना विभाग
(वाणिज्यिक कर विभाग)
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

## अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 31/03/2005

क्रमांक एफ–10 / 9 / 2005 / वाक / पांच ( 7 ) – छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995), की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–10 / 392 / 2001 / वाक / पॉच (70), दिनांक 12.11.2001, में 01.04.2005 की प्रभावशीलता से निम्नानुसार संशोधन करती है, यथा, –

## संशोधन

उक्त अधिसूचना की अनुसूची में –

(i). अनुक्रमांक 1 के सामने कालम (4) (क) में शब्दों, "प्रवर्ग (चार) " के पश्चात् शब्दों "गोल अथवा रॉड क्वायल रूप में छोड़कर" को जोडा जाए।

(ii). अनुक्रमांक 2 के सामने कालम (2) में शब्दों, "प्रवर्ग (चार) " के पश्चात् शब्दों "गोल अथवा रॉड क्वायल रूप में छोड़कर" को जोडा जाए।

(iii). अनुक्रमांक 3 के सामने कालम (2) में शब्दों, "प्रवर्ग (चार) " के पश्चात् शब्दों "गोल अथवा रॉड क्वायल रूप में छोड़कर" को जोडा जाए।

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

रायपुर, दिनांक 31/3/2005

क्रमांक एफ–10 / 9 / 2005 / वाक / पांच–भारत के सविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–10 / 9 / 2005 / वाक / पांच ( 7 ), दिनांक 31/3/05 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से, एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

**Government of Chhattisgarh**
**Finance and Planning Department**
**(Commercial Tax Department)**
**Mantralaya**
**Dau Kalyan Singh Bhawan, Raipur**

## NOTIFICATION

Raipur, Dated 31/03/2005

No. F-10/ 9 /2005/CT/V ( 7 ) - In exercise of powers conferred by Section 17 of the Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam, 1994 (No. 5 of 1995), the State Government hereby makes the following amendments in this department Notification No. F-10/392/2001/CT/V (70), dated 12.11.2001, with effect from 01-04-2005, namely, -

## AMENDMENT

In the Schedule to the said notification -

(i). In column (4)(a) against serial No. 1 after the words " categories (iv)" the words "other than rounds or rods in coil form" shall be inserted.

(ii). In column (2) against serial No. 2 after the words " categories (iv)" the words " other than rounds or rods in coil form " shall be inserted.

(iii). In column (2) against serial No. 3 after the words " categories (iv)" the words " other than rounds or rods in coil form " shall be inserted.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,

**(K.R.Misra)**
**Deputy secretary**

# छत्तीसगढ़ शासन
# वित्त तथा योजना विभाग
# (वाणिज्यिक कर विभाग)
# मंत्रालय
# दाउ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

## अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 31-3-2005

क्रमांक एफ–10/10/2005/वाक/पांच/(10) – छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद् द्वारा अधिसूचना क्रमांक एफ–10/6/2004/वाक/पांच (13) दिनांक 23.02.2004 में निम्नलिखित संशोधन करती है –

## संशोधन

उक्त अधिसूचना की अनुसूची में अनुक्रमांक 12 एवं उससे संबंधित प्रविष्टि विलोपित की जाए।

2. यह संशोधन 01.04.2005 से प्रभावशील होगा।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(के.आर मिश्रा)
उप सचिव

रायपुर दिनांक 31-3-2005

क्रमांक एफ–10/10/2005/वाक/पांच/ ——भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–10/10/2005/वाक/पांच (10) दिनांक 31.3.05 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(के.आर मिश्रा)
उप सचिव

**Government of Chhattisgarh**
**Finance and Planning Department**
**(Commercial Tax Department)**
**Mantralaya**
**Dau Kalyan Singh Bhavan, RAIPUR**

# NOTIFICATION

Raipur, Dated 31-3-2005

No.F-10/10/2005/CT/V( 10 ) - In exercise of the powers conferred by section 17 of Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam 1994 (No.5 of 1995) the State Government hereby makes the following amendment in the notification number F-10/6/2004/CT/V (13) dated 23.02.2004 :-

## AMENDMENT

In the Schedule to the said notification, serial number 12 and entry relating thereto shall be omitted.

2. This amendment shall come into force with effect from 01.04.2005.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,

KRMisra

**(K.R. Misra)**
**Deputy Secretary**

छत्तीसगढ शासन
वित्त एवं योजना विभाग
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर
अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 31-03-2005

क्रमांक एफ–10/10/2005/वाक/पांच (14) – छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995), की धारा 13 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा अधिसूचना कमांक ए–5–1–94–विक–पॉच (22) दिनांक 01.04.1995 में निम्नानुसार संशोधित करती है :–

## संशोधन

उक्त अधिसूचना की अनुसूची में प्रविष्टि कमांक 10 में शब्दों "एच.डी.पी.ई. बैग्स" के पश्चात् शब्दों "या प्लास्टिक मोल्डेड फर्नीचर" जोड़ा जाए।

2. यह संशोधन 01.04.2005 से प्रभावशील होगे।

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

रायपुर, दिनांक 31-03-2005

कमांक. एफ–10/10/2005/वाक/पांच–भारत के सविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना कमांक एफ–10/10/2005/वाक/पांच ( 14 ), दिनांक 31-3-05 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से, एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

Government of Chhattisgarh
Finance and Planning Department
Mantralaya
Dau Kalyan Singh Bhawan, Raipur

NOTIFICATION

Raipur, Dated 31-03-2005

No. F-10/10/2005/CT/V (14) - In exercise of powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of Section 13 of Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam, 1994 (No. 5 of 1995), the State Government hereby makes the following amendments in the notification No. A-5-1-94-ST-V (22), dated 01.04.1995: -

## AMENDMENT

In the Schedule to the said notification, in serial number 10 after the words "HDPE bags" the words "or plastic moulded furniture." shall be inserted.

2. This amendment shall come into force with effect from 01.04.2005.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,

(K.R. Misra)
Deputy Secretary

# छत्तीसगढ शासन
# वित्त एवं योजना विभाग
# (वाणिज्यिक कर विभाग)
# मंत्रालय
# दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

## अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 31-3-2005

क्रमांक एफ–10/10/2005/वाक/पांच (15) – चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना आवश्यक है; अतएव

(i) छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995), की धारा 17,

(ii) छत्तीसगढ़ स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1976 (क्रमांक 52 सन् 1976) की धारा 10 तथा

(ii) छत्तीसगढ़ वृत्ति कर अधिनियम, 1995 (क्रमांक 16 सन् 1995) की धारा 6

द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द आश्रम, रायपुर को छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम की धारा 5, छत्तीसगढ़ स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम की धारा 3 तथा छत्तीसगढ़ वृत्ति कर अधिनियम की धारा 3 के प्रावधानों से 01.04.2005 की प्रभावशीलता से छूट प्रदान करती है।

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

रायपुर, दिनांक 31-03-2005

क्रमांक एफ–10/10/2005/वाक/पांच–भारत के सविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–10/10/2005/वाक/पांच (15), दिनांक 31-03-05 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से, एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

Government of Chhattisgarh
Finance and Planning Department
(Commercial Tax Department)
Mantralaya
Dau Kalyan Singh Bhawan, Raipur

## NOTIFICATION

Raipur, Dated 31-03-2005

No. F-10/ 10 /2005/CT/V( 15) - Whereas, the State Government is satisfied that it is necessary so to do in public interest;

Now, therefore, in exercise of powers conferred by, -

(i) Section 17 of the Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam, 1994 (No. 5 of 1995),
(ii) Section 10 of the Chhattisgarh Sthaniya Kshetra Me Mal Ke Pravesh Par Kar Adhiniyam, 1976 (No. 52 of 1976), and
(iii) Section 6 of the Chhattisgarh Vritti Kar Adhiniyam, 1995 (No. 16 of 1995)

the State Government hereby exempts Ramakrishna Mission Vivekanand Ashram, Raipur from the provisions of Section 5 of the Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam, Section 3 of the Chhattisgarh Sthaniya Kshetra Me Mal Ke Pravesh Par Kar Adhiniyam and Section 3 of the Chhattisgarh Vritti Kar Adhiniyam with effect from 01.04.2005.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,

kmisra
**(K.R.Misra)**
**Deputy secretary**

# छत्तीसगढ़ शासन
## वित्त तथा योजना विभाग
## (वाणिज्यिक कर विभाग)
## मंत्रालय
## दाउ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

## अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 31-3-2005

क्रमांक एफ–10/ 16 /2005/वाक/पांच/(16) – छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद् द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है –

## संशोधन

1. नीचे दी गई अधिसूचनाओं में कालावधि से संबंधित अंक "2005" के स्थान पर अंक "2006" प्रतिस्थापित किए जाएं :–

| अ.क्र. | अधिसूचना क्रमांक | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | ए–3–35–99–विक–पॉच (64) | 10.07.1999 |
| 2. | ए–3–28–2000–विक–पॉच (28) | 13.04.2000 |
| 3. | ए–3–28–2000–विक–पॉच (29) | 13.04.2000 |
| 4. | ए–3–28–2000–विक–पॉच (30) | 13.04.2000 |
| 5. | ए–3–28–2000–विक–पॉच (36) | 17.04.2000 |
| 6. | ए–3–20–2000–विक–पॉच (43) | 04.05.2000 |
| 7. | ए–3–10–2000–विक–पॉच (54) | 29.07.2000 |
| 8. | एफ–10–10–2001–वाक–पॉच (4) | 30.03.2001 |
| 9. | एफ–10–332–2001–वाक–पॉच (37) | 10.08.2001 |
| 10. | एफ–10–392/2001/वाक/पॉच (70) | 12.11.2001 |
| 11. | एफ–10–7/2002/वाक/पॉच (3) | 23.01.2002 |
| 12. | एफ–10–4/2003/वाक/पॉच (4) | 16.01.2003 |
| 13. | एफ–10/23/2003/वाक/पॉच (25) | 03.04.2003 |
| 14. | एफ–10/23/2003/वाक/पॉच (26) | 03.04.2003 |
| 15. | एफ–10/39/2003/वाक/पॉच (50) | 23.05.2003 |
| 16. | एफ–10/71/2003/वाक/पॉच (101) | 06.10.2003 |
| 17. | एफ–10/75/2003/वाक/पॉच (106) | 29.12.2003 |
| 18. | एफ–10/6/2004/वाक/पॉच (13) | 23.02.2004 |

| | | |
|---|---|---|
| 19. | एफ–10/6/2004/वाक/पॉच (14) | 23.02.2004 |
| 20. | एफ–10/6/2004/वाक/पॉच (15) | 23.02.2004 |
| 21. | एफ–10/6/2004/वाक/पॉच (20) | 23.02.2004 |
| 22. | एफ–10/6/2004/वाक/पॉच (61) | 23.07.2004 |

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(के.आर.मिश्रा)
उप सचिव

रायपुर दिनांक 31-3-2005

क्रमांक एफ–10/10/2005/वाक/पांच/—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–10/10/2005/वाक/पांच/(16) दिनांक 31-03-05 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(के.आर.मिश्रा)
उप सचिव

**Government of Chhattisgarh**
**Finance and Planning Department**
**(Commercial Tax Department)**
**Mantralaya**
**Dau Kalyan Singh Bhavan, RAIPUR**

# NOTIFICATION

Raipur, Dated 31-03-2005

No.F-10/ 10 /2005/CT/V( 16 ) - In exercise of Powers conferred by section 17 of Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam 1994 (No.5 of 1995) the state government hereby makes the following amendments:-

## AMENDMENTS

1. In the notifications given below for the figure related to period "2005", the figure "2006" shall be substituted: -

| S.No. | Notification No. | Date |
|---|---|---|
| 1. | A-3-35-99-ST-V (64) | 10.07.1999 |
| 2. | A-3-28-2000-ST-V (28) | 13.04.2000 |
| 3. | A-3-28-2000-ST-V (29) | 13.04.2000 |
| 4. | A-3-28-2000-ST-V (30) | 13.04.2000 |
| 5. | A-3-28-2000-ST-V (36) | 17.04.2000 |
| 6. | A-3-20-2000-ST-V (43) | 04.05.2000 |
| 7. | A-3-10-2000-ST-V (54) | 29.07.2000 |
| 8. | F-10-10-2001-CT-V (4) | 30.03.2001 |
| 9. | F-10-332-2001-CT-V (37) | 10.08.2001 |
| 10. | F-10-392/2001/CT/V (70) | 12.11.2001 |
| 11. | F-10-7/2002/CT/V (3) | 23.01.2002 |
| 12. | F-10/4/2003/CT/V (4) | 16.01.2003 |
| 13. | F-10/23/2003/CT/V (25) | 03.04.2003 |
| 14. | F-10/23/2003/CT/V (26) | 03.04.2003 |
| 15. | F-10/39/2003/CT/V (50) | 23.05.2003 |
| 16. | F-10/71/2003/CT/V (101) | 06.10.2003 |
| 17. | F-10/75/2003/CT/V (106) | 29.12.2003 |
| 18. | F-10/6/2004/CT/V (13) | 23.02.2004 |
| 19. | F-10/6/2004/CT/V (14) | 23.02.2004 |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | F-10/6/2004/CT/V (15) | 23.02.2004 |
| 21. | F-10/6/2004/CT/V (20) | 23.02.2004 |
| 22. | F-10/6/2004/CT/V (61) | 23.07.2004 |

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,

**(K.R. Misra)**
**Deputy Secretary**

छत्तीसगढ़ शासन
वित्त तथा योजना विभाग
(वाणिज्यिक कर विभाग)
मंत्रालय
दाउ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

## अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 01.04.2005

क्रमांक एफ–10/ 11 /2005/वाक/पांच/( 18 ) – छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद् द्वारा अधिसूचना क्रमांक एफ–10–16/2002/वाक/पांच (15) दिनांक 12.02.2002 में 01.04.2005 की प्रभावशीलता से निम्नलिखित संशोधन करती है, यथा –

## संशोधन

उक्त अधिसूचना की अनुसूची में –

1. अनुक्रमांक 1 के सामने कालम 3 में शब्दों "धारा 9 के अधीन सम्पूर्ण कर" के स्थान पर शब्दों "अंशतः इस प्रकार जिससे धारा 9 के अधीन कर की दर घटकर 2 प्रतिशत हो जाए" प्रतिस्थापित किया जाए।
2. अनुक्रमांक 2 के सामने कालम 4 में विनिर्दिष्ट शर्त कमांक (2) के अंत में निम्नलिखित वाक्य जोड़ा जाए–
"निर्मित माल का विकय छत्तीसगढ़ राज्य में अथवा अंतर्राज्यीय व्यापार एवं वाणिज्य के अनुकम में अथवा भारत के बाहर निर्यात के अनुक्रम में विकय किया जाएगा।"

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

रायपुर दिनांक 01.04.2005

क्रमांक एफ–10/ 11 /2005/वाक/पांच/–भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–10/11 /2005/वाक/पांच ( 18 ) दिनांक 01.04.2005 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

**Government of Chhattisgarh**
**Finance and Planning Department**
**(Commercial Tax Department)**
**Mantralaya**
**Dau Kalyan Singh Bhavan, RAIPUR**

# NOTIFICATION

Raipur, Dated 01-04-2005

No.F-10/ 11 /2005/CT/V( 18 ) - In exercise of the powers conferred by section 17 of Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam 1994 (No.5 of 1995) the State Government hereby makes the following amendment in the notification number F-10-16/2002/CT/V (15) dated 12.02.2002, with effect from 01.04.2005, namely:-

## AMENDMENT

In the Schedule to the said notification-

1. In column 3 against serial number 1 for the words "whole of tax under section 9" the words "partly so as to reduce the rate of tax under section 9 to 2 percent" shall be substituted.
2. at the end of condition number (2) specified in column (4) against serial number 2, the following sentence shall be inserted-
   "The finished product shall be sold in the State of Chhattisgarh or in the course of inter-state trade or commerce or in the course of export out of the territory of India."

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,

**(K.R. Misra)**
**Deputy Secretary**

छत्तीसगढ शासन
वित्त तथा योजना विभाग
(वाणिज्यिक कर विभाग)
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

## अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 01.04.2005

क्रमांक एफ–10/ 12/2005/वाक/पांच ( 21 ) – छत्तीसगढ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995), की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद् द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कालम (2) में विनिर्दिष्ट माल को कालम (3) में वर्णित सीमा तक दिनांक 01.04.2005 से 31.03.2006 तक की अवधि के लिए, कालम (4) में दिये गये निर्बंधन एवं शर्तों के अधीन कर के भुगतान से छूट प्रदान करता है :–

## अनुसूची

| अ. क्र. | वस्तुओं की श्रेणी | छूट की सीमा | निर्बंधन तथा शर्ते जिसके अध्यधीन रहते हुए छूट प्रदाय की गई |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | पुरानी कार जो मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में पंजीयत हो | धारा 9 के अधीन अंशतः जिससे कर की राशि घटकर रू0 750/– प्रति कार हो जाये | जब अधिनियम के अंतर्गत पंजीयत व्यवसाई द्वारा पुरानी कार क्रय कर सुधार या मरम्मत पश्चात् बेची जाए। |

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

रायपुर, दिनांक 01.04.2005

क्रमांक. एफ–10/ 12 /2005/वाक/पांच–भारत के सविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–10/12/2005/वाक/पांच ( 21 ), दिनांक 01.04.2005 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से, एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

**Government of Chhattisgarh**
**Finance and Planning Department**
**(Commercial Tax Department)**
**Mantralaya**
**Dau Kalyan Singh Bhawan, Raipur**

## NOTIFICATION

Raipur, Dated 01-04-2005

No.F-10/ 12 /2005/CT/V ( 21 ) - In exercise of the powers conferred by Section 17 of the Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam, 1994 (No. 5 of 1995), the State Government hereby exempts the class of goods specified in column (2) of the Schedule below from payment of tax under the said Adhiniyam to the extent specified in column (3) for the period from 01.04.2005 to 31.03.2006, subject to the restrictions and conditions specified in column (4) of the said schedule :-

## SCHEDULE

| S. No. | Class of goods | Extent of exemption | Restrictions and conditions subject to which exemption is granted |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | Second-hand car which is registered under Motor Vehicle Act, in the Chhattisgarh State | Partly so as to reduce the amount of tax to Rs. 750/- per car | When second-hand car purchased by a registered dealer under the Adhiniyam and sold after reconditioning or repair |

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,

(K.R. Misra)
**Deputy Secretary**

छत्तीसगढ शासन
वित्त तथा योजना विभाग
(वाणिज्यिक कर विभाग)
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

## अधिसूचना

रायपुर, दिनांक 20/04/2005

क्रमांक एफ–10/16/2005/वाक/पांच (27) – छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार एतद् द्वारा अधिसूचना क्रमांक ए–3–28–2000–विक–पॉच (28), दिनांक 13.04.2000 में राजपत्र में प्रकाशन दिनांक की प्रभावशीलता से निम्नानुसार संशोधन करती है :–

## संशोधन

उपरोक्त अधिसूचना की अनुसूची में प्रविष्टि क्रमांक 51 के पश्चात निम्न प्रविष्टि अंतःस्थापित की जाए:–

| अ. क्र. | माल का वर्ग | छूट की सीमा | निर्बन्धन तथा शर्ते जिनके अधीन छूट प्रदान की गई है |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 52. | अधिनियम में संलग्न अनुसूची II में विनिर्दिष्ट माल | धारा 9 के अधीन संपूर्ण कर | जब एक पंजीयत व्यापारी द्वारा संयुक्त राष्ट्र शिशु कोष (UNICEF) को अधिकारिक उपयोग हेतु संलग्न प्रारुप में घोषणा पत्र के विरूद्ध विक्रय किया जाए |

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

रायपुर, दिनांक 20/04/2005

क्रमांक. एफ–10/16/2005/वाक/पांच–भारत के सविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–10/16/2005/ वाक/पांच(27), दिनांक 20/4/2005 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से, एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

Government of Chhattisgarh
Finance and Planning Department
(Commercial Tax Department)
Mantralaya
Dau Kalyan Singh Bhawan, Raipur

## NOTIFICATION

Raipur, Dated 20/04/2005

No. F-10/ 16/2005/CT/V ( 27) - In exercise of powers conferred by Section 17 of the Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam, 1994 (No. 5 of 1995), the State Government hereby makes the following amendment in notification No. A-3-28-2000-ST-V (28), dated 13.04.2000 with effect from the date of publication in official gazette:-

## AMENDMENT

In the schedule to the said notification after entry No. 51 the following entry shall be inserted: -

| S. No. | Class of goods | Extent of exemption | Restrictions and Conditions subject to which exemption is granted |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 52. | Goods specified in Schedule II appended to the Adhiniyam | Whole of tax under section 9 | When sold by a registered dealer to the United Nations Children's Fund for the purpose of official use. against the declaration in the appended form. |

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,

(K.R.Misra)
Deputy secretary

छत्तीसगढ शासन
वित्त तथा योजना विभाग
(वाणिज्यिक कर विभाग)
मंत्रालय
दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

## अधिसूचना

रायपुर, दिनांक **07/05/2005**

क्रमांक एफ–10/**10**/2005/वाक/पांच (**28**) – छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार एतद् द्वारा, नीचे दी गई अनुसूची के कालम (2) में विर्निदिष्ट माल के वर्ग को कालम (3) में विनिर्दिष्ट सीमा तक 01.06.2005 से 31.03.2006 तक छूट प्रदान करती है:–

### अनुसूची

| अ.क्र. | वस्तुओं की श्रेणी | छूट की सीमा |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | सभी प्रकार के पी.वी.सी. या रबर से निर्मित फुटवियर तथा उनके स्ट्रेप्स, जिनका अधिकतम खुदरा विक्रय मूल्य प्रतिजोड़ा रू0 100/– से अधिक न हो | धारा 9 के अधीन संपूर्ण कर |

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

रायपुर, दिनांक **07/05/2005**

क्रमांक एफ–10/ **10** /2005/वाक/पांच–भारत के सविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–10/**10** /2005/वाक/पांच ( **28** ), दिनांक **7/5/2005** का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से, एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
उप सचिव

**Government of Chhattisgarh**
**Finance and Planning Department**
**(Commercial Tax Department)**
**Mantralaya**
**Dau Kalyan Singh Bhawan, Raipur**

## NOTIFICATION

Raipur, Dated 07/05/2005

No. F-10/ 10 /2005/CT/V( 28 ) - In exercise of powers conferred by Section 17 of the Chhattisgarh Vanijyik Kar Adhiniyam, 1994 (No. 5 of 1995), the State Government hereby exempts the class of goods specified in column (2) of the Schedule below from payment of tax under the said Act to the extent specified in column (3) from 01.06.2005 to 31.03.2006 :-

## SCHEDULE

| S. No. | Class of goods | Extent of Exemption |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | All kinds of footwear made of P.V.C. or rubber and straps thereof, the maximum retail sale price of which does not exceed Rs. 100/- per pair. | Whole of tax under Section 9 |

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,

(K.R.Misra)
**Deputy secretary**

**छत्तीसगढ़ शासन**
**वित्त तथा योजना विभाग**
**(वाणिज्यिक कर विभाग)**
**मंत्रालय**
**दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर**

## अधिसूचना

रायपुर, दिनांक **07/05/2005**

क्रमांक एफ–10/ **17** /2005/वाक/पांच (**29** ) – छत्तीसगढ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994 (क्रमांक 5 सन् 1995), की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद् द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कालम (2) में विनिर्दिष्ट माल को कालम (3) में वर्णित सीमा तक 01.06.2005 से 31.03.2006 तक की अवधि के लिए, कालम (4) में दिये गये निर्बंधन एवं शर्तों के अधीन कर के भुगतान से छूट प्रदान करता है :–

## अनुसूची

| अ. क्र. | माल का विवरण | कर मुक्ति सीमा | निर्बंधन तथा शर्ते जिसके अध्यधीन रहते हुए छूट प्रदाय की गई |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | औषधि तथा औषध | अंशतः इस प्रकार जिससे धारा 9 के अधीन कर की दर घटकर 4 प्रतिशत तथा धारा 10–क के अधीन अधिभार से पूर्णतः मुक्त हो जाए | (1) जब अधिनियम के अंतर्गत पंजीयत छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम विक्रय करने वाले व्यवसायी द्वारा बेचा जाए, जो समुचित वाणिज्यिक कर अधिकारी को संलग्न प्रारूप में कालम (2) में वर्णित माल के अधिकतम खुदरा मूल्य पर कर चुकाने का वचन देता है। उक्त वचन इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन से 30 दिनों के भीतर अथवा अधिनियम के अधीन पंजीयन प्राप्ति के 30 दिन के भीतर जो भी पहले हों दिया जावेगा । <br> (2) व्यवसायी द्वारा ऐसे घोषणा पत्र की एक प्रति तिमाही विवरणी के साथ संलग्न की जाएगी। <br> (3) व्यवसायी द्वारा विक्रय बिल/बीजक में अधिकतम खुदरा मूल्य दर्शित किया जाएगा। |

–2.

## घोषणा

(वाणिज्यिक कर विभाग की अधिसूचना क्रमांक .............. दिनांक ....................... )

